दिनाँक 07 सितम्बर 2022 को शिक्षक पर्व के तीसरे दिन दयानन्द सुभाष नेशनल (पी.जी.) कॉलेज ,उन्नाव में पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.पूनम दुबे ,अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग ने अपनी लिखी पुस्तक The novels of ernest hemingway a thematic study का वाचन किया और अपने पुस्तक के मूल रहस्यों को उदघाटित करते हुए बताया कि हम सब चाहे जितनी भी समस्याओं से घिरे हों हमें अस्तित्ववाद और मानवतावाद को नहीं छोड़ना चाहिए। हमें अपने प्रयासों और परिश्रम से सतत लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। सपने देखना अच्छी बात है लेकिन उससे कहीं अधिक अच्छी बात है उस सपने को पूर्ण करने के लिए सामर्थ्यवान बनना। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की सभी लोग पुस्तकों से जुड़े और पुस्तकों को पढ़े,पुस्तकें सत्य का ज्ञान कराती हैं और संवेदनशीलता को जागृत करती हैं।

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता चीफ प्रॉक्टर डॉ हेमेंद्र सिंह सेंगर ने अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन में आसानी से सफ़लता पाने के लिए पुस्तकों से दोस्ती होना जरूरी हैं। पुस्तकें भी गुरू के समान होती हैं जिसके सम्पर्क में रहने से ज्ञान की प्राप्ति होती हैं.

इस अवसर पर उपस्थित पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तकालय विद्यालय का हृदय होता है ,सन्दर्भित पुस्तकों से युक्त पुस्तकालय विद्यार्थियों में नवचेतना का संचार करते हैं। मैं गर्व से कहता हूँ कि अपने महाविद्यालय का पुस्तकालय उन्नाव जनपद के समृद्ध पुस्तकालयों में गिना जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद शुक्ल ने अपने उदबोधन में कहा कि पुस्तकें सबसे शान्त और सदाबहार दोस्त हैं। पुस्तकें सबसे सुलभ और धैर्यवान शिक्षक होती हैं। वे माता पिता -पिता धन्य हैं जो अपनी सन्तान के लिए उत्तम पुस्तकों का संग्रह छोड़ जाते हैं।

कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ .आकांक्षा श्रीवास्तव ,रसायन विज्ञान विभाग ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ . उत्कर्ष सक्सेना रसायन विज्ञान विभाग ने कि या।इस अवसर शिक्षक पर्व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ . ममता चतुर्वेदी ,सह-संयोजक डॉ . सुदर्शन सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दयानन्द सुभाष नेशनल (पी.जी.) कॉलेज
उन्नाव, उत्तर प्रदेश
शिक्षक पर्व पर आयोजित
राष्ट्रीय संगोष्ठी
आज़ाद भारत की शिक्षा व्यवस्था : चुनौतियाँ एवं संभावनाएं
एवं
वेबिनार, पैनल चर्चा, पुस्तक वाचन एवं शैक्षिक फिल्म प्रसारण
दिनांक : 05-09 सितम्बर 2022
श्री मानवेन्द्र स्वरूप
डॉ. सुदर्शन सिंह
सह - संयोजक
प्रो. आनन्द शुक्ल
प्राचार्य
शिक्षक पर्व(05-09 सितम्बर 2022)
पुस्तक वाचन कार्यक्रम

दयानन्द सुभाष नेशनल (पी.जी.) कॉलेज
उन्नाव, उत्तर प्रदेश
शिक्षक पर्व पर आयोजित

सरस्वती श्रुति महती न हीयताम्
१९४६
उन्नाव